पचास साल के इतिहास में पहली बार एक साथ योजनाएं लांच

11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लाएगा आवासन मंडल

12 साल बाद बनाए जाएंगे जयपुर में स्वतंत्र आवास सभी श्रेणी के होंगे 11 हजार 250 आवास

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

आमजन को सस्ता आवासन उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान आवासन मंडल प्रदेश के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाओं के साथ ही जयपुर के प्रताप नगर में कर्मचारियों के लिए राज्य कर्मचारी आवासीय योजनाएं लांच करेगा। इन योजनाओं में विभिन्न श्रेणियों के 11 हजार से अधिक आवासों का निर्माण किया जाएगा। मण्डल के पचास साल के इतिहास में पहली बार एक साथ योजनाएं लांच की जा रही है, वहीं जयपुर में लगभग 12 साल बाद स्वतंत्र आवासों भी बनाए जाएंगे।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल का उद्देश्य आम लोगों को ■ शेष पेज-6

लांच होगी मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना

अरोड़ा ने बताया कि कर्मचारियों को उचित कीमत पर आवास उपलब्ध कराने के लिए जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लांच की जाएगी। इस योजना में प्रत्येक स्तर के कर्मचारियों के लिए 674 बहुमंजिला आवास बनाए जाएंगे। ■ शेष पेज-6